तापमान

अधिकतम 39.1 डिग्री

न्यूनतम 23.9 डिग्री

हरिभूमि

# वनांचल भूमि

रायपुर, शनिवार 30 मार्च 2024









# लोकसभा चुनाव के लिए जिले में 21 एसएसटी टीम तैनात

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

- क्राइम कंट्रोल के लिए सैकड़ों जवानों की तैनाती, 24 घंटे पेट्रोलिंग के अलावा पैदल गश्त
- 2-2 घंटे के अंतराल में शाम से सुबह तक अलग-अलग टीम की ड्यूटी



लोकसभा चुनाव के दौरान छग-ओडिशा अंतर्राज्यीय सीमाओं के अलावा जिले में 21 एसएसटी स्थैतिक निगरानी दल की तैनाती की गई है। जिले में क्राइम कंट्रोल के लिए सैकड़ों जवानों की तैनाती की गई है। 24 घंटे पेट्रोलिंग के अलावा अलग- अलग थानों की टीम द्वारा पैदल गश्त किया जा रहा है। वहीं 2-2 घंटे के अंतराल में शाम से सुबह तक अलग अलग टीम की हरदम तैनात रहती है। गौरतलब है कि आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 को देखते हुए जिले में निर्वाचन व्यय संबंधी मॉनीटरिंग के लिए गठित एसएसटी टीम द्वारा जिले में बनाए गए 21 चेक पोस्टों में निरंतर आने-जाने वालों की वाहनों की सघन निगरानी की जा रही है। इसके अलावा जिले के सभी थाना क्षेत्र में एफएसटी व एसएसटी टीम तैनात की गई है। टीम को नाकाबंदी कर अवैध शराब, गांजा, जुआ, सट्टा के अलावा सभी वाहनों की जांच कर संदिग्ध नगदी तथा अन्य सामग्रियों के परिवहन पर सतत निगरानी रखने तथा अधिनियम के तहत अधिक से अधिक जब्ती कर वैधानिक कार्रवाई करने निर्देशित किया गया है।

### संयुक्त टीम के साथ सौ से अधिक जवान तैनात

*लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जिले में बनाए गए 21 एसएसटी स्थैतिक निगरानी दल में पुलिस के अलावा राजस्व व वन विभाग की संयुक्त टीम की तैनाती की गई है। इन टीम में सौ से अधिक जवानों की तैनाती की गई है। वहीं सभी थाना क्षेत्रों में प्रतिदिन लगभग सौ जवान तथा रात्रि गश्त के लिए तीन दर्जन से अधिक जवान तैनात रहते हैं। इसके अलावा हर दो घंटे में एक पेट्रोलिंग टीम हरदम तैनात रहती है। सभी थाना क्षेत्रों में क्राइम कंट्रोल के लिए अधिकारियों के साथ जवान पैदल गश्त कर रहे हैं।*

### जिले में निगरानी दल रख रहे नजर

पुलिस के अलावा फारेस्ट व वन विभाग की सयुंक्त टीम पूरे जिले में नजर रख रही है। इस दौरान वाहनों की चेकिंग के अलावा आने जाने वालों का लेखा जोखा रखा जा रहा है। इसके अलावा रात्रि गश्त व एमसीपी लगाकर क्राइम कंट्रोल करने पैदल गश्त की जा रही है।

**-महेश्वर नाग**
एसपी बस्तर

## खबर संक्षेप

### 1 अप्रैल से सुबह 10 से सायं 10 बजे तक खुली रहेंगी मदिरा दुकानें

**कोण्डागांव।** कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा आगामी वित्तीय वर्ष 2024–25 में जिले की समस्त मदिरा दुकानों के खुलने एवं बंद होने का समय निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ आबकारी आयुक्त के निर्देशानुसार आगामी 1 अप्रैल से जिले की समस्त मदिरा दुकानें प्रातः 10 बजे खुलकर रात्रि 10 बजे तक संचालित की जाएंगी।

### खेत पर मिला पति-पत्नी का शव, विवेचना प्रारंभ

**कांकेर।** दुधावा चौकी अंतर्गत ग्राम सांईमुंडा में खेत की ओर महिला और पुरूष का शव खेत के मेड़ में पड़ा हुआ मिला। पुलिस को खबर मिलते ही पुलिस ने जाँच शुरू कर दिया। जानकारी के अनुसार सांईमुंडा निवासी 31 वर्षीय अरीब नेताम पिता दुखुराम ने पुलिस को बताया कि मृतक सांईमुंडा निवासी 35 वर्षीय अरविंद नेताम पिता दुखुराम ने चोरिया के 32 वर्षीय दुर्गा नेताम पति अरविंद को सांईमुंडा में अपने साथ रखा था। दुर्गा नेताम पूर्व में सतनामी समाज में शादी किया था, जिसे अरविंद नेताम ने जानते हुए भी अपने साथ रखा था। दोनो गर्मी फसल लगाकर खेत लाड़ी में रहते थे और वही सोते थे। बकरी चराने के लिए शंकर जब खेत की ओर गया तब देखा कि दोनो मृत हालत में पड़े हुए है।

### लोस चुनाव : 8 विधानसभा वाले बस्तर संसदीय सीट के हर गांव तक पहुंचने की कवायद

# तेज गर्मी में जमकर पसीना बहा रहे लखमा और महेश

- नामांकन के बाद बीजापुर जिले के भोपालपटनम पहुंचे लखमा
- महाराजा के साथ गांव-गांव में लोगों से मिल रहे महेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

अलग खबर





छत्तीसगढ़ की 11 सीटों में से एकमात्र बस्तर सीट पर पहले चरण का मतदान 19 अप्रैल को होगा। इसलिए इस सीट पर दोनों ही प्रमुख दल भाजपा और कांग्रेस पूरी ताकत झोंक रहे हैं। सुबह से देर रात तक कांग्रेस प्रत्याशी कवासी लखमा और भाजपा प्रत्याशी महेश कश्यप शहर की गलियों के साथ-साथ गांव-गांव में छोटी नुक्कड़ सभाएं और बैठक लेकर अपनी तथा पार्टी की योजनाओं को बताकर समर्थन मांग रहे हैं। दोनों ही प्रत्याशी 8 विधानसभा वाले विशाल संसदीय क्षेत्र के गांव-गांव तक पहुंचकर लोगों से मिलने पसीना बहा रहे हैं। नामांकन भरने की तिथि खत्म होने के बाद कवासी लखमा सीधे बीजापुर जिले के भोपालपटनम पहुंचकर वहां व्यापारियों के साथ-साथ हर वर्ग के लोगों से मेल मुलाकात कर समर्थन मांगा। वहीं देर शाम जिला मुख्यालय बीजापुर की सड़क में घूमते हुए अपने चिरपरिचित मजाकिया अंदाज में लोगों को हंसाते मनोरंजन भी करते रहे। वहीं भाजपा प्रत्याशी महेश कश्यप जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र के शहरी और ग्रामीण इलाकों में बस्तर महाराजा कमलचंद्र भंजदेव के साथ घूम-घूमकर लोगों को मोदी की गारंटी बताते डबल इंजन की सरकार बनने के फायदे गिना रहे हैं। वहीं दोनों ही दल के प्रमुख नेता अपने-अपने इलाके के साथ-साथ विधानसभा क्षेत्र को केंद्र बिंदु मानकर प्रत्याशी को अधिक से अधिक बढ़त दिलाने काम कर रहे हैं। गर्मी तेज होने से प्रचार करने वाले नेताओं और कार्यकर्ताओं को भी झुलसाती गर्म हवा के साथ-साथ धूल भरी सड़कों से भी सामना हो रहा है। इसलिए ज्यादातर नेता वातानुकूलित लग्जरी वाहनों में घूम रहे हैं। कांग्रेस के लिए बस्तर सीट को बचाना सबसे बड़ी चुनौती है। वहीं भाजपा के लिए कांग्रेस से सीट छिनना और मतों का रिकार्ड बनाना प्रतिष्ठा का सवाल बना हुआ है। 3 महीने पहले विधानसभा चुनाव जीत कर कांग्रेस को सत्ता से बाहर कर भाजपा सरकार में हैं। इसलिए सभी 11 सीटों पर जीतकर केंद्र में नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाकर छत्तीसगढ़ से सबसे बड़ा योगदान देने की चुनौती सत्ता और संगठन में बैठे नेताओं के सामने हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में जब प्रदेश में पूर्ण बहुमत के साथ 2018 में कांग्रेस सत्ता में आई और अगले ही साल लोकसभा चुनाव में मात्र 2 सीट पर कांग्रेस को संतुष्ट होना पड़ा। उस समय भाजपा के 9 सांसद चुने गए जबकि नया प्रयोग करते हुए वर्तमान सभी सांसदों की टिकट काट दी गई थी। अब चूंकि भाजपा सत्ता में है इसलिए सभी 11 सीट जीतने का दबाव सभी नेताओं पर है। बस्तर में नया चेहरा भाजपा ने उतारा है। हालांकि कांग्रेस प्रत्याशी कवासी लखमा की तुलना में महेश कश्यप की पहचान पूरे 8 विधानसभा के शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में उतनी नहीं है। लेकिन प्रधानमंत्री का चुना हुआ प्रत्याशी है इसलिए भाजपा के छोटे से लेकर बड़े नेता तक ताकत लगा रहे हैं।

### दीपक का कद घटा, वहीं किरण का ओहदा बढ़ा

*दीपक बैज और किरण देव दोनों बस्तर जिले के नेता हैं और इस समय संगठन के मुखिया यानि प्रदेश अध्यक्ष हैं। पार्टी का शीर्ष नेतृत्व ने इन दो युवा और ऊर्जावान नेताओं पर भरोसा कर संगठन का प्रमुख बनाया है। इसलिए इन दोनों की प्रतिष्ठा बस्तर सीट पर ही नहीं बल्कि पूरे 11 सीट की है। लेकिन सबसे ज्यादा गृह क्षेत्र का सीट होने से बस्तर पर दिल्ली की निगाहें हैं। यही कारण है कि दोनों को अपना सर्वश्रेष्ठ देना होगा। जहां तक दीपक बैज की बात है वे जितनी तेजी से शीर्ष पर पहुंचे उतनी ही तेजी से उतरे भी। पिछले विधानसभा चुनाव में हार के बाद अब उनकी टिकट भी काट दी गई है। वहीं किरण देव विधायक बनने के साथ-साथ संगठन के मुखिया भी बन गए इसलिए उनके कद को देखते हुए महेश को भारी मतों से जिताना भी उनके लिए बड़ी चुनौती है।*

### केदार, लता, दिनेश, सुभाऊ, बाफना लच्छू और गागड़ा भी लगा रहे जोर

*संसदीय क्षेत्र के 8 विधानसभा क्षेत्र में प्रत्याशी और बड़े नेताओं का पहुंचना संभव नहीं है इसलिए स्थानीय प्रभावशाली नेताओं के लिए भी इस चुनाव में प्रत्याशी को जीताना और अधिक बढ़त दिलाना उनके राजनीतिक भविष्य के लिए भी जरूरी है। महेश के लिए किरण और कमलचंद्र के साथ-साथ केदार कश्यप, लता उसेंडी, दिनेश कश्यप, सुभाऊ कश्यप, संतोष बाफना, लच्छूराम कश्यप और महेश गागड़ा भी अपने विधानसभा क्षेत्र में जोर लगा रहे हैं।*

### लखेश्वर, विक्रम, दीपक, राजमन, रेखचंद और देवती भी दिखा रहे एकता

*बस्तर संसदीय क्षेत्र में कांग्रेस के 3 विधायक हैं बस्तर से लखेश्वर बघेल, बीजापुर से विक्रम मंडावी और कोंटा से कवासी लखमा। इन तीनों के लिए अपने विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी को लीड दिलाना निहायत जरूरी है। वहीं पिछले विधानसभा में हारे हुए नेताओं के साथ-साथ पूर्व विधायकों और प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज को भी ताकत झोंकनी पड़ेगी। 65 साल से अधिक अवस्था के बाद भी कवासी लखमा युवाओं की तरह सुबह से देर रात तक दौड़ रहे हैं। ऐसे में कांग्रेस की सीट बची रहे इस पर किस विधानसभा से कांग्रेस को बढ़त मिलेगी, यह सवाल भी चर्चाओं के बीच है।*

## पीडीएस दुकान में कलेक्टर ने करवाया चावल बोरी का वजन, मिला कम

पंचनामा करवाकर कार्रवाई करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर



कलेक्टर विजय दयाराम के. शुक्रवार को मतदान केंद्रों के निरीक्षण में निकले थे। कापानार मतदान केंद्र के समीप उचित मूल्य की दुकान में खाद्य सामग्री का भंडारण कार्य किया जा रहा था। उन्होंने पीडीएस दुकान में भंडारण कार्य का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने दुकान संचालक से भंडारण की सामानों की सूची दिखाने कहा और खाद्य सामग्री की मात्रा तथा वजन करवाने के निर्देश दिए। गुड़, चना, शक्कर की मात्रा और वजन में कोई कमी नहीं मिली। लेकिन मौके पर चावल की बोरियों का नाप करवाने पर निर्धारित मात्रा से कम पाया गया। इसके लिए कलेक्टर ने नाराजगी जाहिर कर एसडीएम और नायब तहसीलदार को पंचनामा करवाने के निर्देश दिए। कलेक्टर अपने साथ उक्त चावल बोरियों को लाकर केशलुर स्थित एफसीआई के गोदाम में दोबारा वजन कर जांच करवाया। इसके लिए संबंधितों के खिलाफ आवश्यक कार्यवाही हेतु खाद्य विभाग, नागरिक आपूर्ति विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किए। साथ ▸▸|शेष पेज 12 पर

## 6 मंदिरों में एक साथ हनुमान चालीसा पाठ करेंगे भक्त आज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर



पतंजलि योग समिति के तत्वावधान में नगर के 6 मंदिरों में एक साथ प्रति सप्ताह साप्ताहिक हनुमान चालीसा पाठ का धार्मिक आयोजन का शुभारंभ 30 मार्च से किया जा रहा है। प्रत्येक शनिवार को शाम 7 बजे से 7.30 बजे तक हनुमान चालीसा का पाठ कर ▸▸|शेष पेज 12 पर

### अलग- अलग मंदिरों के लिए बनी व्यवस्था

*जिसमें आशुतोष प्रसाद, शक्ति सिंह, रमापति दुबे, विजय भारत, सरोजिनी रेड्डी, मनोज चंद्रा, कुसुम पांडे, अनुष्का साहू, गीता पांडे, पदमा बिसोई, निलम मिश्रा, गणेश दहिया, पी माथुर, आरएस चौधरी, दयाराम उमरवैश्य, गोपाल उमरवैश्य, बनमाली पाणिग्राही, तनय पांडे, आसमन मुचाकी अलग-अलग मंदिरों में व्यवस्था संभालते हुए संचालन करेंगे।*

## तय समय समाप्त होने के बाद भी ठेकेदार की मनमानी से पूर्ण नहीं हो सका उपकेन्द्र

निर्माणाधीन उपकेन्द्र का कार्य सुस्त होने से स्वास्थ्य कर्मी संघ में नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर



विद्युत कंपनी की ओर से उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए शहर के शासकीय जिला महारानी अस्पताल परिसर में उपकेन्द्र का निर्माण किया जा रहा है। निर्माण कार्य का तय समय समाप्त होने के बाद भी ठेकेदार की मनमानी के चलते उपकेन्द्र का निर्माण पूरा नहीं हो सका। इस उपकेन्द्र का निर्माण कार्य जून में पूर्ण होना था। स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह परिहार ने इस संबंध में बताया कि महारानी अस्पताल ▸▸|शेष पेज 12 पर

### निर्माण कार्य शीघ्र पूरा करें

*विद्युत कंपनी के ईडी एसके ठाकुर ने बताया कि उपकेन्द्र निर्माण कार्य के ठेकेदार को निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि उपकेन्द्र का निर्माण कार्य शीघ्र ही पूरा करें।*

### सुकमा जिले में था सक्रिय, इलाके में नए कैम्प खुलने से था प्रभावित

# आदिवासियों पर हो रही हिंसा से तंग आकर मिलिशिया मेंबर ने किया आत्मसमर्पण

*शासन की नक्सलवाद उन्मूलन नीति के तहत मिलेगी मदद*


हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर



सुकमा इलाके में सक्रिय नक्सली ने शुक्रवार को बिना हथियार के आत्मसमर्पण कर दिया। उसने बताया कि नक्सल संगठन द्वारा स्थानीय आदिवासियों पर हिंसा किए जाने से वह परेशान था। वहीं क्षेत्र मे खुल रहे नए कैम्प से वह प्रभावित था इन्ही कारणों से वह समर्पण कर मुख्यधारा में शामिल हुआ। सुकमा जिले में आईजी सुन्दरराज पी, डीआईजी दंतेवाड़ा रेंज कमलोचन कश्यप, डीआईजी सीआरपीएफ अरविंद राय के मार्गदर्शन व एसपी सुकमा किरण चव्हाण व कमाण्डेन्ट 223 बटालियन सीआरपीएफ नवीन कुमार के निर्देश में चलाए जा रहे छग नक्सलवाद उन्मूलन नीति एवं सुकमा पुलिस द्वारा चलाये जा रहे पूना नर्कोम अभियान नई सुबह, नई शुरूआत तथा अंदरूनी क्षेत्रों में लगातार कैम्प स्थापित होने से प्रभावित होकर नक्सलियों के अमानवीय, आधारहीन विचारधारा एवं उनके शोषण, अत्याचार तथा बाहरी नक्सलियों के द्वारा स्थानीय आदिवासियों पर किए जाने वाले हिंसा के चलते लगातार नक्सली समर्पण कर मुख्यधारा में शामिल हो रहे है। इसी के चलते शुक्रवार को नक्सली संगठन में सक्रिय नक्सली बारसे हड़मा कामाराम आरपीसी मिलिशिया सदस्य 38 वर्ष निवासी बंजेपल्ली स्कूलपारा थाना जगरगुण्डा ने नक्सल ऑपरेशन कार्यालय सुकमा में डीएसपी मनीष रात्रे व निरीक्षक शेख जसिमुद्दीन 223 बटालियन सीआरपीएफ के समक्ष बिना हथियार के आत्मसमर्पण किया। नक्सली को आत्मसमर्पण के लिए प्रोत्साहित कराने में 223 वाहिनी सीआरपीएफ का विशेष प्रयास रहा है। सुकमा पुलिस के मुताबिक समर्पित नक्सली को शासन की नक्सलवाद उन्मूलन नीति के तहत सहायता राशि व अन्य सुविधायें दी जाएगी।

### सीएम विष्णुदेव साय की आज बांदे में होगी सभा

**कांकेर।** लोकसभा कांकेर के अंतागढ़ विधानसभा के अंतर्गत ग्राम बांदे में प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय की चुनावी सभा



आज 30 मार्च को दोपहर 1 बजे के आसपास होगी। अंतागढ़ के विधायक विक्रम उसेंडी मुख्यमंत्री की सभा की तैयारी के लिए एक दिन पहले से बांदे पहुँच गए और क्षेत्र के कार्यकर्ताओं से संवाद किया और वृहद कार्यक्रम करने की रूपरेखा को तैयार किया। बांदे के अलावा परलकोट के पूरे ईलाके के लोग सीएम को सुनने के लिए पहुँचेंगे। भाजपा की सरकार बनने के बाद सीएम पहली बार अंतागढ़ विधानसभा के बांदे में पहुँचेंगे और चुनावी सभा को संबोधित करेंगे।

## पाठक सूचना

**हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

**जगदलपुर**
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124

**नारायणपुर**
मो. 9407740955, 9131893124

**कोण्डागांव**
मो. 7000312486, 9131893124

**सुकमा**
मो. 9425260296, 9131893124

**दंतेवाड़ा**
मो. 9425592636, 9131893124

**बीजापुर**
मो. 9131893124

# राष्ट्रीय सह-साधन प्रावीण्य परीक्षा में कांकेर जिला बस्तर में सबसे आगे और प्रदेश में दूसरे स्थान पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

राष्ट्रीय सह-साधन प्रवीण्य परीक्षा में कांकेर जिले से पहली बार 526 छात्र चयनित हुए है, इन छात्रों को प्रति माह एक हजार रूपएं की छात्रवृत्ति भारत सरकार द्वारा 12 वीं तक मिलेगी। प्रदेश में कांकेर जिला दूसरे स्थान पर रहा वहीं पहले स्थान पर दुर्ग जिला रहा। बस्तर संभाग के अन्य जिलों बस्तर से 01, बीजापुर से 01, दंतेवाड़ा से 01, नारायणपुर से 02, कोंडागांव से 13, सुकमा से 15 छात्रों का चयन हुआ।

कांकेर जिला में प्रारंभ से ही भारत सरकार द्वारा आयोजित एनएमएमएससी परीक्षा में 2023-24 की परीक्षा के लिए तत्कालीन जिला शिक्षा अधिकारी भुवन जैन ने सूक्ष्म कार्ययोजना तैयार कर प्रत्येक पूर्व माध्यमिक विद्यालयों के प्रधान पाठकों एवं कार्यरत शिक्षकों को परीक्षा के महत्व को बताया था और आठवीं में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति परीक्षा के लिए प्रेरित किया था। उसी का परिणाम रहा कि जिले से 3749 छात्रों ने पंजीयन करवाया था और 3728 छात्र परीक्षा में शामिल हुए थे। खंड शिक्षा अधिकारी एवं प्रधानपाठकों ने पालकों से भी बच्चों को नियमित विद्यालय भेजने के लिए प्रोत्साहित किया था। कार्ययोजना के अनुरूप प्रत्येक विद्यालय के प्रधान पाठकों की बैठक आयोजित कर ऐसे सभी बच्चों से परीक्षा फार्म भराया गया जो निर्धारित आहर्ता रखते थे। स्कूल शिक्षा विभाग ने प्रारंभ से ही इस ओर ध्यान दिया और शिक्षकों को प्रशिक्षित कर विद्यालयों में ही प्रत्येक दिवस बच्चों को निर्धारित समय पर परीक्षा की तैयारी कराई गई। एनएमएमएससी परीक्षा के लिए कार्ययोजना तैयार कर प्रत्येक शासकीय विद्यालयों में विभाग द्वारा पिछले 10 वर्षों के प्रश्न पत्र हल कराने के लिए छात्रों को अभ्यास कराया गया।

## परीक्षा : कांकेर जिला में भानुप्रतापपुर विकासखंड सबसे आगे, कांकेर विकासखंड रहा फिसड्डी



### भानुप्रतापपुर ने मारी बाजी, कांकेर रहा फिसड्डी

*जिला कांकेर में विकासखंड मुख्यालय भानुप्रतापपुर से सबसे ज्यादा छात्र चयनित हुए वहीं विकासखंड कांकेर सबसे ज्यादा पीछे रहा। विकासखंड अंतागढ़ से 85 छात्र, विकासखंड भानुप्रतापपुर से 105, चारामा से 103, विकासखंड दुर्गूकोंदल से 65 छात्र, विकासखंड कांकेर से 24 छात्र, विकासखंड कोयलीबेड़ा से 58 छात्र और विकासखंड नरहरपुर से 86 छात्र चयनित हुए हैं। पहली बार विकासखंड अंतागढ़, दुर्गूकोंदल, कोयलीबेडा एवं भानुप्रतापपुर जैसे सुदूर दुर्गम क्षेत्र के बच्चों की इस उपलब्धि में नया इतिहास रचा है। इस परीक्षा में चयनित छात्रों को कक्षा 9 वीं से 12 वीं तक प्रत्येक माह 1 हजार रूपएं की छात्रवृत्ति शासन द्वारा प्रदाय किया जाएगा, इससे गरीब तबके के छात्रों को आर्थिक मदद चार साल मिल सकेगी।*

## खबर संक्षेप

### पंचायत सिवनी में आज वार्षिक मेला

**दुर्गुकोंदल।** विकासखण्ड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत सिवनी में आज शनिवार 30 मार्च को वार्षिक मेला का आयोजन किया गया है। ग्राम पटेल रामूराम मंडावी, बिहारीलाल सिंहा, सरपंच उमेश्वरी मंडावी एवं अन्य ग्रामीणों ने बताया है कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 30 मार्च को एक दिवसीय वार्षिक मेला का आयोजन किया गया है। मेला में आसपास के देवी, देवता, ग्राम पटेल, गायता, पुजारी व ग्रामीण व्यापारी पहुंचेंगे वहीं मेला के अवसर पर रात्रि में छत्तीसगढ़ी लोककला मंच भुइयां के सिंगर मचादूर ओचेटोला बालोद जिला की प्रस्तुति दी जाएगी।

### पिता की हत्या, पुत्र पर आरोप, जांच शुरू

**कांकेर।** कांकेर थानांतर्गत ग्राम रामपुर जुनवानी निवासी 45 वर्षीय संजय मंडावी पिता स्व. हरीकराम का गला दबाने से मौत हो गया। रामपुर निवासी रमेश कुमार मरकाम पिता भुखऊराम ने पुलिस को बताया कि 29 फरवरी की दरम्यानि रात को मृतक के पुत्र देवव्रत मंडावी के द्वारा गला दबाकर हत्या कर दिया गया है। शव को 1 मार्च को परिवार व गांव वालो ने मिलकर क्रियाक्रर्म कर दिया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### गुड़फेल मेले में कल लोककला का कार्यक्रम

**दुर्गूकोंदल।** ग्राम पंचायत दमकसा के आश्रित ग्राम गुड़फेल में वार्षिक मेला का आयोजन 31 मार्च को किया गया है। ग्राम गायता उदय पुरामे, ग्राम पटेल पुनाराम बोगा, जंगलू राम, विजय कल्लो, सर्वेश उसेंडी, मानसिंह उसेंडी ने बताया कि 31 मार्च को एक दिवसीय वार्षिक मेला होगी। मेला के अवसर पर रात्रि में छतीसगढ़ी लोक कला जीवन ज्योति अंबागढ़ चौकी किया गया है। मेला और कार्यक्रम तैयारी में ग्रामीण जुटे हुए है।

### करियापहर की समस्याओं पर तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



**कांकेर।** विकासखंड नरहरपुर के ग्राम पंचायत बिरनपुर के आश्रित ग्राम करियापहर के ग्रामीणों ने कलेक्टर के नाम का गाँव की विभिन्न समस्याओं का आवेदन नरहरपुर तहसीलदार को सौंपा। करियापहर के निवासी मनोहर सिन्हा, यशदीप सिन्हा, राधेश्याम शोरी, कुमेश कोमरा, उदय जैन, भावसिंह नेताम ने कहा कि ग्राम करियापहार कई मूलभूत समस्याओ से जूझ रहा है, न तो गाँव में बिजली सही आता है, न तो वोल्टेज सही है, जिसके करण पेय जल के साथ साथ हम किसानो के फसल के लिए संकट खड़ा हो गया है और धान की फसल मरने की स्थिति पर है। गाँव में निस्तारी की समस्या से निजात के लिए शासन के द्वारा दो तालाब व एक स्टाप डेम का निर्माण कराया गया है, परंतु तालाब व स्टाप डेम में पानी ही नहीं है। ग्रामीणों ने समस्या के निदान के लिए गुहार लगाया है। इस अवसर पर किसान लक्ष्मण शुक्ला, मनोहर सिन्हा, सम्पत यादव, कार्तिक नेताम, रविन्द्र यादव, कामेश्वर सिन्हा, रामनाथ निषाद, डिकेश सिन्हा, भक्त प्रहलाद मंडावी, लक्ष्मी नाथ, कीर्तन वट्टी, लक्ष्मी नारायण सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## निरीक्षण: व्यय अनुवीक्षण एवं मीडिया मॉनिटरिंग कार्यों को देखा

# उड़नदस्ता एवं सीमावर्ती क्षेत्रों में बने चेक पोस्टों पर निरंतर करते रहें कार्रवाई: राम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए बस्तर लोकसभा के लिए पुलिस प्रेक्षक के रूप में नियुक्त राम किसुन ने जिला कार्यालय में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुणाल दुदावत के साथ शांतिपूर्ण और सुरक्षित निर्वाचन सुनिश्चित करने के संबंध में चर्चा की। इसके साथ उन्होंने व्यय अनुवीक्षण एवं मीडिया मॉनिटरिंग कार्यों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने व्यय अनुवीक्षण के लिए बनाये गए दलों से चर्चा करते हुए प्रत्येक व्यय पर कड़ी निगरानी रखने एवं उड़नदस्ता दलों तथा सीमावर्ती क्षेत्रों में स्थापित स्थैतिक निगरानी दलों द्वारा की जा रही कार्रवाई पर सतत निगरानी करने के निर्देश दिए। पुलिस प्रेक्षक ने कलेक्टर कुणाल दुदावत से उड़नदस्ता दलों एवं स्थैतिक निगरानी दलों द्वारा की जा रही कार्रवाई पर चर्चा करते हुए उनकी स्थिति तथा कार्यों के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। कलेक्टर द्वारा दलों की गई कार्रवाई की जानकारी दी गयी। पुलिस प्रेक्षक द्वारा मीडिया मॉनिटरिंग के लिए कलेक्ट्रेट परिसर में स्थापित केंद्र पहुंच उन्होंने व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए सतत निगरानी करने के लिए निर्देशित किया। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर अजय कुमार उरांव, एसडीएम निकिता मरकाम, तहसीलदार मनोज रावटे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## बस्तर लोकसभा के पुलिस प्रेक्षक ने ईवीएम स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण

- ईवीएम की सुरक्षा के लिए लगातार निगरानी बनाए रखने पुलिस प्रेक्षक ने दिए निर्देश
- बेरिकेडिंग एवं सीसीटीवी के माध्यम से पूरे क्षेत्र में बनाए रखें नजर

**कोण्डागांव।** बस्तर लोकसभा के पुलिस प्रेक्षक राम किसुन द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए कोण्डागांव के स्थानीय शासकीय गुण्डाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बनाये गए ईवीएम स्ट्रांग रूम का शुक्रवार को निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा उन्हें जिले में ईव्हीएम की सुरक्षा हेतु की गई तैयारियों से अवगत कराया। यहां उन्होंने ईव्हीएम स्ट्रांग रूम में ड्यूटी पंजी एवं आगन्तुक पंजी की भी जांच की। इसके अतिरिक्त उन्होंने वहां तैनात जवानों से चर्चा करते हुए चौबीसों घंटे कड़ी निगरानी करने तथा किसी भी व्यक्ति को बिना प्रवेश पत्र के प्रवेश ना करने देने के निर्देश दिए। उन्होंने सुरक्षाकर्मियों के ठहरने के स्थल का मुआयना करते हुए यहां पेयजल के साथ आगामी ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए गर्मी से बचने का उचित व्यवस्था करने हेतु निर्देश दिए।



### मतगणना केंद्र का भी किया अवलोकन

*पुलिस प्रेक्षक ने रामकिसुन ने कॉलेज में बनाये गए मतगणना केंद्र का भी अवलोकन किया। इसके साथ ही यहां की सुरक्षा के लिए बेरिकेडिंग एवं सीसीटीवी के माध्यम से पूरे क्षेत्र में नजर बनाए रखने को कहा। इसके साथ ही उन्होंने मतदान पूर्व ईव्हीएम वितरण एवं मतदान दलों हेतु सुरक्षा व्यवस्था पर विस्तारपूर्वक चर्चा करते हुए सभी मतदान दलों के साथ जाने वाले पुलिस के दल को सतर्कतापूर्वक काम करने हेतु निर्देशित करने को कहा।*

### ये रहे उपस्थित

*इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर अजय उरांव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रूपेश कुमार डांडे, एसडीएम निकिता मरकाम, तहसीलदार मनोज रावटे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।*

## 14 लीटर शराब जब्त दो कोचिए गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

कांकेर और बांदे पुलिस ने 28 मार्च को छापामार कार्यवाही करते हुए दो शराब कोचिए से 14 लीटर महुआ शराब को जप्त किया। दोनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। कांकेर पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली कि ग्राम कन्हनपुरी निवासी संतोषी यादव अपने घर में भारी मात्रा में महुआ शराब रखकर बिक्री करने ग्राहक तलाश रही है। कांकेर पुलिस ने मुखबिर की जानकारी की तस्दीक करने के उपरांत पुलिस ने छापामार कार्यवाही करते हुए आरोपी ग्राम कन्हनपुरी फरसापारा निवासी 37 वर्षीय संतोषी यादव पति श्यामजी यादव के घर दबिश दिया। आरोपी के कब्जे से 28 मार्च की शाम सवा 7 बजें घर बाड़ी में रखे हुए 7 लीटर महुआ शराब कीमत करीबन 700 रूपएं और नगद 200 रूपएं को जप्त कर धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है। बांदे पुलिस ने 28 मार्च की शाम करीबन 5 बजें छापामार कार्यवाही करते हुए ग्राम नेहरूटोला कुरेनार निवासी कमल सिंह नाग पिता मोतीराम के कब्जे से 7 लीटर महुआ शराब कीमत 840 रूपएं को जप्त कर धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

## साल्हेटोला में घर में घुसकर ग्रामीण की पिटाई, दो दबंगों पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



थाना कांकेर अंतर्गत ग्राम साल्हेटोला में गांव के ही दो लोगो ने रात को दूसरे के घर के सामने जाकर गाली गालौज कर जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। ग्रामीण द्वारा विरोध करने पर दोनो आरोपियों ने एक राय होकर उसके साथ हाथ मुक्का से मारपीट किया। पुलिस ने दोनो आरोपियों के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज किया गया। थाना में शिकायत करने पहुंचे साल्हेभाट निवासी 62 वर्षीय रूपराय मंडावी पिता स्व. बन्नूराम मंडावी ने पुलिस को बताया कि खेती मजदूरी का काम करता हूं और 28 मार्च को अपने घर पर खाना खाकर सो रहा था। साल्हेभाट निवासी लखन लाल उईके और विक्की उईके बीती रात को लगभग 11 बजे मेरे घर के पास आकर दरवाजा को खटखटाकर जोर जोर से चिल्लाने लगे। मैं उठकर देखा तो मुझे दोनो लोग एक राय होकर गाली गलौज कर रहे थे। मैंने उन लोगो को गाली देने से मना किया तो और ज्यादा दोनो आरोपी उग्र होकर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए मेरे साथ हाथ मुक्के से मारपीट करने लगे। मारपीट से पीठ, पसली में दर्द हो रहा है। अरोपियों के द्वारा मेरे साथ क्यों मारपीट किया है, इसकी जानकारी भी मेरे पास नहीं है। आरोपियों के इस कृत्य से ग्रामीण बहुत डरा हुआ है। ग्रामीण ने पुलिस को बताया कि आरोपियों के द्वारा मारपीट जमकर किया गया है और मैं बचाव नहीं करता तो मेरे साथ कोई भी अनहोनी हो सकती थी। दोनो आरोपियों पर कड़ी कार्यवाही नहीं किया गया तो उनके द्वारा मेरे साथ फिर से कभी भी इस तरह की वारदात कर सकते है।

## लाह की खेती का किसानों को मिला तकनीकी प्रशिक्षण, आजीविका पर की चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा

क्षेत्र के विभिन्न ग्रामो के लाह किसान व बिहान की महिलाओं ने प्रशिक्षण में हिस्सा लिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य कांकेर ब्लॉक के विभिन्न क्षेत्र में लाह को बढ़ावा देना तथा नवीन लाह उत्पादन तकनीको को जन जन तक बढ़ावा दिया जान था।

भारत रूरल लाइवलीहूड फाऊंडेशन, सहभागी समाज सेवी संस्था व प्रदान संस्था के सहयोग से आयोजित प्रशिक्षण में कुसुम, बेर, सेमियालता आदि पेड़ में लाह की खेती के वैज्ञानिक पद्धति से लाह की खेती करने के विभिन्न तकनीको का अध्ययन किया गया। प्रथम दिवस में लाह के उत्पादन की संपूर्ण प्रक्रिया को जाना गया। दूसरे दिन अभ्यास कर चीजो को समझा गया, इसके साथ ही सामूहिक चर्चा के मध्यम से विभिन्न चुनौतियों के बारे मे जाना गया। कार्यक्रम के अंतिम दिवस में किसानो को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान सहभागी संस्था अध्यक्ष बसंत यादव ने लाह के लाभो और वैश्विक बाजार में इसकी मांग के बारे में बताया। प्रदान से कुंतल मुखर्जी ने आगामी समय मे आईएफसी कार्यक्रम और बिहान की दिदियों के साथ नवीन आजीविका पर कार्य करने पर चर्चा किया।

आयोजित कार्यक्रम में सचिव कलावती कश्यप, गरिमा कश्यप, जितेंद्र साहू, लोकमान्य साहू, नरभे यादव, रिजाइना साहू, सचिन राजपुत, लोकनाथ सोनवानी, पुष्पलता साहू, गौतम कुलदीप, नवीन रजक, नोहरधर साहू, योगीता, पल्लवी साहू, कलावती दुग्गा, बालकीशन कौमार्य, नेहा मानिकपुरी, युवराज नागराज, शालिनी नागराज, भारती देहारी, बारसु उइके, गौकरण, उमाकांत देवांगन समेत क्षेत्र के विभिन्न लाह किसान उपस्थित रहे।

## पुरानी बात पर युवक की पिटाई चार के खिलाफ अपराध कायम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



एक्सीडेंट की बात को लेकर आरोपियों ने साथ न देने वाले युवक के साथ मारपीट कर दिया। बैखलाए आरोपियों ने युवक के साथ ऐसी मारपीट किया, जिससे युवक को गंभीर चोट आई। घायल युवक ईलाज कराने के बाद थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है। कांकेर थाना में शिकायत करने पहुंचे खपरापारा भीरावाही निवासी 26 वर्षीय समीर यादव पिता देवसिंग यादव ने पुलिस को बताया कि 26 मार्च को मैं अपनी दीदी यशोदा सलाम के घर खपरापारा में था और दोपहर करबीन 12 बजे आरोपी प्रदीप कोसरिया, सजीवन कोसरिया एवं बलराम इंदोरिया व गुप्तेश इंदोरिया मेरे घर के पास आए और पूर्व मे हुए एक्सीडेंट के बात को लेकर साथ नही देते हो कहकर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देने लगे। मै घर से बाहर निकला तो बलराम हाथ मे पहने हुऐ कड़ा से मेरे सिर मे हमला कर दिया तथा सभी एक राय होकर हाथ मुक्का से मारपीट करने लगे। मारपीट करने से मेरे सिर मे चोंट आई और खून बहने लगा। खपरापारा के आसपास मौजूद लोगो ने बीच बचाव किया है। आसपास के लोग बीच बचाव नहीं करते तो हमारे साथ अनहोनी हो सकती थी। मैं ईलाज करवाने के बाद कांकेर थाना पहुँचकर पूरी घटना की जानकारी दिया।

## पेज 11 के शेष

### पीडीएस दुकान में कलेक्टर...

ही अपर कलेक्टर की अध्यक्षता में जांच करवाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा, जिला पंचायत सीईओ प्रकाश सर्वे, एसडीएम तोकापाल सुब्रत प्रधान सहित खाद्य विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

### 6 मंदिरों में एक साथ...

श्रद्धालु अपने जन्म दिवस व वैवाहिक वर्षगांठ भी मंदिर में आरती दीप जला कर करेंगे। प्रांत प्रमुख डा. मनोज पाणीग्राही ने कहा कि आयोजन का मुख्य उद्देश्य सभी सनातनियों को नियमित मंदिर पहुंचकर पूजा उपासना के प्रति आकृष्ट कर भारतीय परंपराओं का सम्मान और पालन कराने का है। यहां 6 मंदिर है, पुराना बालाजी मंदिर दक्षिणेश्वर हनुमान पावर हाउस चौक, सिद्धेश्वर हनुमान मंदिर लालबाग, भंगाराम शिव मंदिर पथरागुड़ा, झाड़ेश्वर मंदिर धरमपुरा रोड, दुर्गा मंदिर शांति नगर, शिव हनुमान मंदिर, आवास प्लाट एवं हाटकचोरा सम्मलित है। उन्होंने बताया साप्ताहिक हनुमान चालीसा पाठ के लिए एक समिति बनाकर इसका संचालन किया जाएगा।

### तय समय समाप्त होने...

परिसर में ठेकेदार की ओर से निर्माणाधीन उपकेन्द्र का कार्य सुस्त होने से नाराजगी दिखाई। उन्होंने बताया कि उपकेन्द्र निर्माण होने से अस्पताल सहित लगभग आसपास के 8 हजार से अधिक उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी। इसके अलावा महारानी अस्पताल को डबल विद्युत लाइन से जोड़ा जाएगा। जिससे एक लाइन में समस्या होने से दूसरी से अस्पताल में बिजली की सुविधा दी जा सकेगी।

## यादव समाज ने मनाया होली मिलन समारोह और रंगपंचमी की दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



यादव समाज के द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन मेलाभाठा कृष्ण सदन यादव भवन में किया गया। सर्वप्रथम इष्टदेव भगवान कृष्ण को गुलाल लगाकर होली मिलन समाराह कि शुरूवात किया गया एवं उपस्थित यादव समाज के समाजिकजनों ने एक दुसरे को तिलक गुलाल लगाकर रंग पंचमी कि बधाई देते हुए एक दूसरे को गुलाल रंग लगाया। होली मिलन समाराह अवसर पर गोविन्दपुर निवासी गजेन्द्र यादव मैराथन धावक को छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा खेल अलंकार पुरस्कार देने पर उन्हे बधाई दी गई एवं समाज कि ओर से उन्हे स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। समाज के तीजुराम यादव द्वारा रामायण मानस कथा ग्रंथ भेंटकर उन्हे सम्मानित किया। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष धनेश यादव ने कहा कि समाज में प्रतिवर्ष होली मिलन समारोह मनाया जाता है। उसी तरातम्य मे इस वर्ष भी होली मिलन समारोह मनाया गया और इस अवसर पर गजेन्द्र यादव ने समाज का नाम रोशन किया इसके लिए उन्हे बधाई प्रेषित करता हु। इस अवसर पर अहिर कोसरिया यादव समाज के जिलाध्यक्ष गिरधर यादव ने कहा कि निश्चित तौर पर समाज में आयोजन से ही समाज में एक अपनापन आता है और समाज को ऐसे आयोजन करते रहना चाहिए और मानव हित में होने वाले सभी आयोजनों में समाज को बढ़चढ़ कर हिस्सेदारी लेनी चाहिए।

## बंजारी माता मंदिर में नवरात्रि की तैयारी शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

आदि शक्ति बंजारी माता मंदिर हाहालददी दुर्गुकोंदल मंदिर समिति के द्वारा चैत्र नवरात्रि को लेकर मंदिर प्रांगण हाहालद्दी में मंदिर समिति के अध्यक्ष हरिश्चंद्र सिंहा के अध्यक्षता में बैठक का आयोजन कर नवरात्रि उत्सव मनाने को लेकर चर्चा किया गया। बसंत नवरात्र 2024 का तैयारी को लेकर बैठक कर निर्णय लिया गया कि चैत्र नवरात्रि में मनोकामना ज्योति एवं मंदिर स्थल की साफ सफाई, लिपाई पुताई व अन्य कार्यक्रम के लिए चर्चा किया गया। इस वर्ष मनोकामना जोत तेल के लिए 1101 रुपएं निर्धारित की गई है। बसंत नवरात्र 2024 में घट स्थापना 9 अप्रैल, पंचमी पूजा 13 अप्रैल, अष्टमी हवन पूजा 16 अप्रैल, पूर्ण आहुति एवं विसर्जन 17 अप्रैल को होगी। नवरात्र पर्व के दौरान प्रतिदिन धार्मिक पूजा पाठ सेवा गीत अन्य कार्यक्रम आयोजित होंगे। बैठक में बंजारी माता समिति के उपाध्यक्ष सावंत साहू, सचिव भूपेंद्र सिंहा, गोवर्धन नरेटी, सोहनलाल सिंहा, सुखचंद प्रजापति, अनिल सिंहा, राजेंद्र सिंहा, मोहन सिंहा एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहें।

## खबर संक्षेप

### जीवन में आगे बढ़ने के लिए 4 सिद्धांत पर चलें : सोरी



**जगदलपुर।** सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग जीआर सोरी ने शुक्रवार को एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कोड़ेनार बास्तानार का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बच्चों को पढ़ाई में लक्ष्य को हासिल करने विशेष एवं अभिनव तरीकों से अवगत कराया। उन्होंने बच्चों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए चार सिद्धांत बताए। बच्चों की मांग पर त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया। प्राचार्य, शिक्षक एवं बच्चों ने उन्हें आश्वस्त किया कि उनके बताए सिद्धांतों का पालन करते हुए लक्ष्य प्राप्ति में सौ प्रतिशत परिश्रम करेंगे। सहायक आयुक्त के आवासीय विद्यालय पहुंचने पर उनका स्वागत तिलक लगाकर पारंपरिक तरीके से शाला की शिक्षिकाओं और छात्र-छात्राओं ने किया। प्राचार्य जी. शिवा रेड्डी ने सहायक आयुक्त को आवासीय विद्यालय की गतिविधियों से अवगत कराया।

### स्वीप कार्यक्रम,1 को रस्सा-कस्सी प्रतियोगिता

**बीजापुर।** जिला प्रशासन बीजापुर के द्वारा आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 को मद्देनजर रखते हुए जिले में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने एवं मतदाताओं में मतदान के प्रति जागरूकता लाने के दृष्टिकोण से स्वीप कार्यक्रम अन्तर्गत 1 अप्रैल को अन्तर्विभागीय खेल रस्सा-कस्सी प्रतियोगिता का आयोजन जिला मुख्यालय के मिनी स्टेडियम में किया गया है। उक्त प्रतियोगिता में अधिकारी-कर्मचारी भाग लेंगे। रस्सा-कस्सी टीम के प्रतिभागियों के लिए ड्रेस कोड भी निर्धारित की गई है। सभी प्रतिभागियों को 1 अप्रैल सुबह 10 बजे मिनी स्टेडियम में उपस्थित होने के

## निधन

### ठाकुर खिलावन सिंह



**जगदलपुर।** अटल बिहारी बाजपेई वार्ड निवासी ठाकुर खिलावन सिंह (87) का बीती रात 11.30 बजे निधन हो गया। वे जिला सहकारी बैंक के सेवानिवृत्त मैनेजर थे। शुक्रवार को अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में समाज के लोग और भाजपाई शामिल थे। वे भरापूरा परिवार छोड़ गए। वे भाजपा नेता महेंद्र प्रताप सिंह के पिता तथा भाजपा नगर महामंत्री आर्येन्द्र सिंह आर्य के भाभी के पिता थे।

## कोड़ेनार सीमा जांच नाका का लिया जायजा



निरीक्षण दौरे में निकले कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने कोड़ेनार सीमा जांच नाका का आकस्मिक निरीक्षण कर चेक पोस्ट में तैनात स्थैतिक निगरानी दलों के कार्यों की विस्तृत जानकारी ली और स्थैतिक दलों को सभी वाहनों का सघन जांच किये जाने कहा। स्थैतिक निगरानी दलों को नकदी, आभूषण एवं शराब के अवैध परिवहन पर कड़ाई से जांच करने निर्देश दिए। साथ ही जांच की गई वाहनों की जानकारी, पंजियों के संधारण इत्यादि का अवलोकन भी किया और सतर्कता के साथ कड़ी निगरानी रखे जाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए।

# कलेक्टर ने किया दरभा व बास्तानार क्षेत्र के मतदान केंद्रों का निरीक्षण

## मूलभूत सुविधाओं को सुनिश्चित करने के लिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विजय दयाराम के. ने शुक्रवार को दरभा और बास्तानार जनपद के बीसपुर, कापानार और बड़े काकलूर के मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर केंद्रों की मूलभूत सुविधाओं को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उक्त मतदान केंद्रों में दो या चार जगहों के मतदान केंद्र बनाए गए है। मतदान केंद्र में सभी मतदाताओं की सुविधाओं के तहत परिसर में अलग-अलग केंद्र कक्ष, मतदाताओं के प्रवेश व निकासी की सुविधा, गर्मी के दिन को ध्यान रखने हेतु छाया, पेयजल व्यवस्था करने कहा गया।

संवेदनशील क्षेत्र में उक्त मतदान केंद्र होने की स्थिति में सुरक्षा, मतदान दलों की रुकने की व्यवस्था का जायजा लिया। साथ ही आवश्यकता के आधार पर अस्थाई स्ट्रांग रूम की व्यवस्था के लिए भी जगह चिन्हांकित किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा, जिला पंचायत सीईओ प्रकाश सर्वे, एसडीएम तोकापाल सुब्रत प्रधान, जनपद सीईओ सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



## लोकतंत्र के पर्व में अपने मताधिकार का करें उपयोग

लोकसभा निर्वाचन में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए स्वीप कार्यक्रम के तहत जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत शुक्रवार को बास्तानार विकासखंड के ग्राम बड़े काकलूर में स्वीप कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों और मतदाताओं को जागरूक करते हुए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विजय दयाराम के. ने कहा कि बिना डर भय, लोक लुभावन के प्रभाव से मुक्त होकर लोकतंत्र के पर्व में अपने मताधिकार का उपयोग करें। लोकसभा चुनाव के तहत 19 अप्रैल को मतदान दिवस में निर्भीक होकर क्षेत्र के विकास के लिए बेहतर प्रत्याशी को चुने। पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा ने मतदाताओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि चारों ओर प्राकृतिक सुन्दरता से पूर्ण बड़ेकाकलूर के सभी मतदाता शत-प्रतिशत वोट देकर गांव को एक आदर्श गांव बनाएं। बिना लोभ व भय के अपने मन चाहा प्रत्याशी को मतदान करें। इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी ने उपस्थित सभी ग्रामीणों को मतदान करने की शपथ भी दिलाई। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ एवं स्वीप कार्यक्रम के नोडल अधिकारी प्रकाश सर्वे, एसडीएम तोकापाल सुब्रत प्रधान, जनपद सीईओ बास्तानार राजीव नाग, सहायक नोडल स्वीप शरदचंद गौर, एपीओ नरेगा पवन सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## बच्चों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोंड

बस्तर लोकसभा निर्वाचन 2024 के तारतम्य में स्वीप कार्यक्रम के तहत आज बस्तर विकास खंड के अंतर्गत प्राथमिक शाला बड़ेपारा संकुल फरसागुड़ा के बच्चों द्वारा जिला पंचायत बस्तर एवं खण्ड स्त्रोत समन्वयक विकास खण्ड बस्तर के निर्देशन एवं संस्था प्रभारी चंद्रमणी रंगारी के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। मतदाता जागरूकता रैली का मुख्य उद्देश्य गांव के लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करना, साथ ही 18 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए प्रेरित करना है। स्कूली बच्चों के द्वारा मानव श्रृंखला बनाकर एवं स्लोगन के द्वारा गांव के लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया गया। स्लोगन में अच्छे मतदाता बने आओ अपनी सरकार चुने, सरकार बनाना आता है क्योंकि हम सब मतदाता है आदि शामिल है। शिक्षक उमाशंकर साहू के द्वारा बच्चों को अपने घर के सभी मतदाताओं को भी मत देने के लिए प्रेरित करने को कहा गया, जिससे एक मजबूत लोकतंत्र का निर्माण हो सके। कार्यक्रम में मुख्य रूप से चन्द्रमणी रंगारी संस्था प्रमुख, संजीव शर्मा संकुल समन्वयक, शिक्षिका गीता गुना, दानेश्वर यादव, सुदुराम ठाकुर समेत स्कूली बच्चे शामिल थे।

## एनएमडीसी बचेली कॉम्प्लेक्स ने निकाली स्वच्छता रैली





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली

एनएमडीसी लिमिटेड बचेली कॉम्प्लेक्स में 29 मार्च को स्वच्छता रैली आयोजित किया गया। एनएमडीसी बचेली के परियोजना प्रमुख बी वेंकटेश्वरलु अधिशासी निदेशक के मार्गदर्शन एवं एनएमडीसी बचेली के कार्मिक विभाग के तत्वावधान में यह आयोजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर अधिशासी निदेशक वेंकटेश्वरलु ने अपने विचार व्यक्त करते हुए सभी को स्वच्छता के प्रति सजग रहने एवं समर्पण के भाव से सदैव अपने पूर्ण प्रयास करते रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि हम जिस वातावरण में रहते हैं, उसका स्वच्छ रहना हमारे स्वास्थ्य एवं मानसिक शांति के लिए भी अत्यंत आवश्यक है। साथ ही, स्वच्छ वातावरण हमारा सामाजिक दायित्व भी है। इसीलिए इसके प्रति हमें सदैव तत्पर रहना चाहिए एवं अपने ओर से हर संभव प्रयास करते रहना चाहिए। स्वच्छता रैली में एनएमडीसी बचेली के सभी विभागों से कर्मचारी एवं अधिकारियों ने प्रतिभागिता की। इस अवसर पर अधिशासी निदेशक बी. वेंकटेश्वरलु, रबिंद्र नारयण परियोजना प्रमुख वर्क्स, पी. रामाय्यन मुख्य महाप्रबंधक उत्पादन, धर्मेंद्र आचार्य महाप्रबंधक कार्मिक, टीजे. शंकर राव सचिव एसकेएमएस, एल. रमेश कार्यकारी अध्यक्ष एमएमडब्ल्यूयू तथा विभिन्न विभागाध्यक्षों की उपस्थिति रही। ज्ञातव्य है कि एनएमडीसी लिमिटेड बीआईओएम बचेली कॉम्प्लेक्स 16 से 31 मार्च तक अपने प्रधान कार्यालय के निर्देशानुसार स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है। जिसका आरंभ 16 मार्च को स्वच्छता शपथ के साथ हुआ था। इस अवधि में स्वच्छता से संबंधित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। स्वच्छता पखवाड़ा की अवधि में आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों में विभिन्न विभागों और टाउनशिप के अन्य स्थलों की साफ-सफाई के लिए क्लीनलीनेस ड्राइव विभिन्न प्रतियोगिताएं यथा नारा लेखन, निबंध लेखन, अवेयरनेस टॉक आदि के आयोजन का उद्देश्य स्वच्छता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को रेखांकित करना है।

## एनएमडीसी को निजीकरण से रोकना है तो कांग्रेस को वोट दें : लखमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| किरंदुल



बस्तर के लोकसभा चुनाव में प्रत्याशियों के नामांकन के बाद लोकसभा चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आते जा रही है। चुनावी गलियारों में चुनाव के चर्चाओं के साथ पार्टी नेता और कार्यकर्ता भी चौक-चौराहे पर सक्रिय नजर आ रहे हैं। शुक्रवार को बस्तर लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी कवासी लखमा लोह नगरी किरंदुल पहुंचे।

जहां कार्यकर्ताओं ने उनका आतिशबाजी के साथ स्वागत किया। तत्पश्चात किरंदुल कांग्रेस भवन में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक में पुष्प गुच्छ के साथ कांग्रेस प्रत्याशी लखमा और दंतेवाड़ा जिला अध्यक्ष अवधेश सिंह गौतम का कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। गौतम ने कहा कि आज देश में धर्म और जाति के नाम पर लोगों को आपस में लड़वाया जा रहा है। देश में बेरोजगारी, महंगाई चरम सीमा पर है। इस बार कांग्रेस के प्रत्याशी को जीतना है। कवासी लखमा ने कहा कि आज देश में भय का माहौल है। मोदी ईडी, सीबीआई, सुरक्षा एजेंसियों का दुरुपयोग कर विपक्ष को खत्म करने की साजिश कर रहे है। विपक्ष के नेताओं को जेल में डाल रहे हैं, जितनी शासकीय कंपनी है, उन्हें उद्योगपति मित्रों को बेच कर शासकीय कंपनियों को निजीकरण की ओर लेकर जा रहे हैं। अगर आपको एनएमडीसी बचाना है। अडानी, अंबानी जैसी कंपनियों से बस्तर की खनिज संपदाओं को लूटने से बचाना है। छत्तीसगढ़ शासन जल्द प्रति व्यक्ति 5 किलो राशन की योजना ला रही है, जो गरीब परिवारों के लिए अन्याय है।

मैं इसके लिए आप लोगों की आवाज दिल्ली तक पहुंचाऊंगा। एनएमडीसी का मुख्यालय छत्तीसगढ़ में लाया जाएगा। हमारे दंतेवाड़ा के खनिज संपदाओं को निजीकरण नही होने देंगे, इसके लिए दिल्ली तक लड़ेंगे। आप अपना वोट कांग्रेस को दीजिए, मैं आप लोगों की आवाज दिल्ली तक पहुंचाऊंगा और एनएमडीसी का निजीकरण नहीं होने दूंगा। लखमा के जोशीले भाषण से कार्यकर्ताओं में जोश और नई ऊर्जा का संचार हुआ। कार्यकर्ताओं ने जोरदार नारों व तालियों के गूंज से प्रत्याशी का समर्थन किया। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष मृणाल राय, कांग्रेस स्पोर्ट सेल दंतेवाड़ा जिला अध्यक्ष बिप्लव मल्लिक, समर नंदी, जमील खान, राजकुमार तामो, एसके दंतीश कुमार, बिपुल राय, अमृत टंडन, दीपक गोस्वामी, आसिफ सिद्धिकी, शिव कुमार वारले, कमलेश वर्मा, मीना मांडवी, इला पटेल, पुष्पा साहू, दुर्गा साव, कीर्ति राणा, गीता साधक, आर राजू, अशोक भंडारी, चेतन बाग समेत अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे।

## डीएवी पब्लिक स्कूल का परिणाम शतप्रतिशत रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



बास्तानार विकासखंड के लालागुड़ा डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल अंग्रेजी व हिंदी माध्यम का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया, जहां शत-प्रतिशत बच्चे सफल हुए। सफलता उनके चेहरे में झलक रही थी। एलकेजी से कक्षा नवमी तक के कक्षाओं का परीक्षा परिणाम घोषित किए गए। सर्वप्रथम मां सरस्वती के तैल चित्र के समक्ष प्राचार्या ममता पांडा, परीक्षा विभाग प्रभारी राया भट्टाचार्य ने दीप प्रज्वलित किया। प्राचार्य ने अभिभावकों से परीक्षा के महत्व पर चर्चा करते नई शिक्षा प्रणाली पर प्रकाश डाला। अभिभावकों को बच्चों की तुलना करने से बचने सुझाव दिए। कक्षा एलकेजी में प्रथम तीन लालिमा आंचल, भावेश कुमार चिंदा, दिफ्लेश्वर कुंजाम, यूकेजी में रोहन वर्मा, तुषार कश्यप, कनिष्का मेरावी, कक्षा पहली में धारा कंवर, अनन्या पोयाम, पाखी नेताम, कक्षा दूसरी में सुयांश रंगारे, दिव्यांशी लाकड़े, रोशन सेठिया, कक्षा तीसरी में श्रीकृष्ण सोढ़ी, किरण दास, सिद्धार्थ जायसवाल, चौथी में गायत्री बघेल, नैतिक कंवर, नारायण भारद्वाज, पांचवी में कृतिका मिश्रा, प्रतिमा साहू, भावेश नेताम, छठवीं में अनुराग जायसवाल, साईं मंडावी, नैतिक कुमार, सातवीं में शशि जायसवाल, सोनम भारद्वाज, गौतम कश्यप, नवमी में कुसुम कश्यप, वेणुगोपाल गावड़े, विनय बघेल ने उच्च स्थान प्राप्त किया। सभी विद्यार्थी की उज्जवल भविष्य की कामना की गई। मंत्र उपचार एवं शांति पाठ सुरेन्द्र दलपत ने किया।

### मतदान दलों का प्रथम चरण का प्रशिक्षण दो चरणों में आयोजित

## 750 मतदान अधिकारियों ने लिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



लोकसभा आम निर्वाचन के लिए मतदान दलों को प्रथम चरण का प्रशिक्षण 29 मार्च एवं 2 अप्रैल को दो चरणों में पीठासीन अधिकारी सहित अन्य मतदान अधिकारी कुल 1500 मतदान अधिकारियों का प्रशिक्षण स्वामी आत्मानंद स्कूल बीजापुर में आयोजित होगा। आज के प्रशिक्षण में 750 मतदान अधिकारियों ने प्रशिक्षण प्राप्त कर मतदान की समस्त प्रक्रियाओं से अवगत हुए। जिसमें ईव्हीएम मशीनों, मतपत्र लेखा, मॉकपोल विभिन्न प्रकार के लिफाफों का उपयोग, मतदाता सूची सहित मतदान की सम्पूर्ण प्रक्रिया का बारिकी से प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर ने दी। मशीनों के उपयोग के संबंध में विडियो, पीपीटी के माध्यम से शंकाओं का समाधान किया गया। प्रशिक्षण में पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी क्रमांक 1, 2 एवं 3 के कार्यों की जानकारी सहित सभी आवश्यक जानकारी देते हुए ईव्हीएम मशीनों का सिलिंग इत्यादि प्रक्रियाओं का बारी-बारी से हैण्ड्स ऑन कराया गया। मतदान अधिकारियों के विभिन्न शंकाओं का समाधान भी किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग पाण्डेय ने प्रशिक्षण का अवलोकन कर मतदान अधिकारियों को आवश्यक मार्गदर्शन देते हुए सभी प्रक्रियाओं को भली-भांति समझने, निष्पक्ष होकर निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का पालन कर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने की समझाईश दी गई। छोटी सी गलती पूरे टीम के लिए नुकसानदायक हो सकती है, इसलिए गंभीरता से प्रशिक्षण ले। जो बातें समझ में नहीं आए, उसको बार-बार पूछकर अपने शंका का समाधान करें और पूर्ण रूप से प्रशिक्षित होकर ही जाए और टीम भावना से आपसी समन्वय के साथ निर्वाचन, मतदान का कार्य सम्पन्न कराने के लिए अग्रिम शुभकामनाएं भी दिए। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर कैलाश वर्मा, सहायक रिटर्निंग अधिकारी जागेश्वर कौशल, उप जिला निर्वाचन अधिकारी नारायण प्रसाद गवेल, डिप्टी कलेक्टर उत्तम सिंह पंचारी, दिलीप उईके, मास्टर ट्रेनर सीके रंहगडाले सहित जिला शिक्षा अधिकारी उपस्थित थे।

## होली मिलन समारोह का आयोजन




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदान के प्रतिशत को बढ़ाने व्यापक स्तर पर मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप कार्यक्रम कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग पाण्डेय के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। इसी क्रम में आज नोडल अधिकारी एवं सीईओ जिला पंचायत हेमंत रमेश नंदनवार की उपस्थिति में स्वीप होली का आयोजन जिला पंचायत में वृहद रूप से किया गया। जिसमें मतदाताओं को अपने मताधिकार का उपयोग कर मजबूत एवं सशक्त लोकतंत्र बनाने की अपील की गई।

लोकतंत्र के रंग मतदान के संग थीम पर आयोजित स्वीप होली में बने चुनाव का पर्व देश का गर्व सेल्फी जोन में अधिकारी-कर्मचारी एवं मतदाताओं ने बढ़-चढ़कर सेल्फी ली। सीईओ जिला पंचायत एवं स्वीप के नोडल अधिकारी हेमंत रमेश नंदनवार ने बिना डर, भय के निष्पक्ष होकर अपने मताधिकार का उपयोग करने की अपील जिले के मतदाताओं से की। इस अवसर पर रंग-गुलाल से सराबोर होकर अधिकारी-कर्मचारियों एवं मतदाताओं ने स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं भयमुक्त होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने का संकल्प लिया और सभी मतदाताओं से शत-प्रतिशत मतदान करने की अपील की गई है।




## 7 गांव के स्वास्थ्य परीक्षण में चर्मरोग के ज्यादा मिले मरीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- आयुष विभाग की मोबाईल मेडिकल यूनिट कर रहे ग्रामीणों का उपचार



बस्तर जिले में 13 फरवरी से 26 मार्च तक 7 गांवों में आयुष विभाग की मोबाईल मेडिकल यूनिट से ग्रामीणों के लिए स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया, जिसमें 584 ग्रामीणों का उपचार कराया। गांवों में प्रदूषित पानी के चलते शिविर में सबसे ज्यादा ग्रामीण चर्मरोग के मरीज मिले। बताया जा रहा है कि यूनिट के डॉक्टर एवं स्वास्थ्य कर्मचारियों ने जीवन शैली जन्य रोग मधुमेह, उच्चरक्त, पक्षाघात, चर्मरोग, स्त्रीरोग, मौसमी बीमारियां एवं कुपोषण एनीमिया, गर्भावस्था, जरारोग आदि से संबंधित परामर्श उपचार, औषधि वितरण किया गया है। इसमें तत्काल निदान हेतु ब्लड प्रेशर, रेपिड मलेरिया टेस्ट, ब्लड शुगर, प्रेगनेंसी टेस्ट आदि जांच सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है।

### मरीजों को दी समझाईश

जिले के कोयनार में 35, कैयकर, चेरबहार में 99, बड़े देवड़ा में 78, गुमड़पाल में 82, बोथाबोड़ना में 57, छिंदगांव में 138 एवं मुस्कुंटा में 95 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। साथ ही निःशुल्क दवाईयां वितरण किया गया और स्वस्थ रहने के लिए समझाईश भी दी।

### लोगों को कर रहे जागरूक

जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. जेआर नेताम ने बताया कि जिला प्रशासन की पहल पर आयुष विभाग द्वारा सुदूर अंचलों में स्थित ऐसे गांवों का शिविर के लिए चयन किया गया है, जहां जनजातीय बाहुल्य क्षेत्र है। सभी ग्राम पंचायतों में रोस्टर बनाकर मोबाईल यूनिट लेकर पहुंचे, न केवल शिविर लगाए बल्कि आयुर्वेद के बारे में भी लोगों को जागरूक कर रहे हैं। यूनिट की टीम ने ग्रामीणों को निःशुल्क औषधि वितरण किया, साथ ही साथ ऋतुचर्या, दिनचर्या आहार विहार की जानकारी देते हुए उन्हें अपनाने हेतु प्रेरित किया गया। स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच के लिए मोबाईल मेडिकल यूनिट काफी मददगार होगा। अंचल में आज भी आयुर्वेदिक दवाइयों पर लोग भरोसा करते हैं।

**खबर संक्षेप**

## वनमंत्री ने शक्ति केंद्रों की बैठक में कार्यकर्ताओं में भरा जोश



**जगदलपुर।** वनमंत्री केदार कश्यप ने विधानसभा स्तरीय प्रवास के दौरान शुक्रवार को नारायणपुर विधानसभा के शक्ति केंद्रों की बैठक ली। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विष्णुदेव सरकार द्वारा किये जा रहे जन कल्याणकारी कार्योंर् को लेकर कहा कि पूरे देश ने मोदी के प्रति विश्वास दिखाया है। मोदी की गारंटी काम पूरा होने की गारंटी है यह भारत का एक आम नागरिक भी जानने लगा है। जनता को पूर्ण विश्वास है कि विकास केवल भाजपा सरकार में ही सम्भव है। प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्जवला, जनधन, आयुष्मान, स्टार्टअप, कृषक उन्नति योजना सहित ऐसे बहुत से योजना है जिसका लाभ देश की जनता को प्राप्त हुआ है। स्वावलंबी भारत के निर्माण के लिए प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है। वनमंत्री ने बताया कि विधानसभा स्तरीय प्रवास के दौरान आज बोड़नपाल, छोटेआमाबाल, घोटिया, मुण्डागांव, केशरपाल, तुरपुरा, खण्डसरा, सालेमेटा और सोरगांव शक्तिकेंद्रों में कार्यकर्ताओं से चर्चा की गई। वनमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने भारत को एक शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में आगे बढ़ाने का संकल्प लिया है। हम सभी कार्यकर्ता भी उनके नेतृत्व में कार्य कर रहे हैं। हम सबका एक ही लक्ष्य है भारत की छवि सबसे शक्तिशाली और विकसित राष्ट्र के रूप में हो इस विजन के साथ भाजपा का हर एक कार्यकर्ता कार्य में लगा हुआ है।

## गुड फ्राइडे पर निकली क्रूस यात्रा...

**जगदलपुर।** शहर के कैथोलिक चर्च में गुड फ्राइडे मनाया गया। इस अवसर पर मसीह समुदाय के क्रूस पर प्रदर्शित बलिदान और नि:स्वार्थ प्रेम और उनके सूली पर चढ़ने का स्मरण किया। उसके बाद गिरिजाघर से श्रद्धालु एकत्र हुए और विशप जोसफ के नेतृत्व में क्रूस यात्रा निकाली, जिसमें 14 स्थानों में प्रार्थना की गई। यात्रा गिरिजाघर से शहीद पार्क, चांदनी चौक, महावीर चौक होते हुए चर्च में पहुंचकर समाप्त हुई।



### मसीह समुदाय ने किया क्रूस के बलिदान का स्मरण

# गुड फ्राइडे पर चर्चों में विशेष आराधना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर





सभी चर्च सहित चंदिया मेमोरियल मेथोडिस्ट चर्च में गुरुवार को विश्व प्रभु भोज की पवित्र विधि पासवान के अगुवाई में संपन्न हुई। कलीसिया में पवित्र संस्कार के द्वारा जवानों को विश्वास में दृढ़ रहकर प्रभु यीशु मसीह के चरित्र का अनुसरण कर प्रेम, क्षमा, दया के द्वारा समाज व देश के कल्याण की शिक्षा दी गई। इसके पश्चात शुभ शुक्रवार की गंभीर आराधना प्रचार कमेटी अध्यक्षा अमृता फाउलर सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

प्रभु यीशु मसीह के क्रूस पर अपार कष्ट सहते हुए भी उन्होंने मानव कल्याण के लिए पिता परमेश्वर से उन्होंने विनती की और जो उन्होंने विनती की थी। उन्हीं सात वचनों को विभिन्न वक्ताओं ने चिंतन मनन द्वारा कलीसिया के सामने प्रस्तुत किया। रेव्ह. यूसुफ सिंह, अंचल हिल, रोनाल्ड सीबी. सिंह, रॉडरिक सोमा, शैलेंद्र शाह, प्रतिमा पॉल एवं अमृता फाउलर सिंह के द्वारा प्रकाश डाला। विदित हो कि मसीही परंपरा के अनुसार 40 दिन की जो उपवास कालीन आराधना है। वह मसीह यीशु के द्वारा पापियों के लिए दुख उठाने की पवित्र गाथा है। जिसे पूरे 40 दिन दुख भोग सप्ताह के रूप में मनाया जाता है। मसीह विश्वास में आस्था रखने वाले विश्वासी इन दिनों स्वयं को उपवास के साथ तैयार करते हैं कि वे मसीह यीशु की मार्मिक कथा में खुद को शामिल कर सकें।

इस अवसर पर एलिसन इसाक, हिजकेल नाथ, प्रिंस मसीह, अरुण जेडक, निशिता फाउलर सिंह द्वारा विशेष गीत भी गाया गया। इसकी जानकारी मसीह समाज प्रवक्ता अनिमेष दास ने दी है।

### सात वाणियों का किया मनन

शहर के विभिन्न गिरजाघर एवं ग्रामीण कलीसिया में गुड फ्राइडे की आराधना की गई। इस संबंध में मसीह समाज प्रवक्ता रत्नेश बेंजामिन ने बताया कि शहर के प्रमुख प्रेम प्रार्थना भवन साल्वेशन चर्च, मेथोडिस्ट एपिस्कोपल चर्च धुरागांव, मेथोडिस्ट एपिस्कोपल चर्च केशलूर, बरशेबा चर्च, चर्च ऑफ गॉड मेथोडिस्ट एपिस्कोपल चर्च जगदलपुर में गुड फ्राइडे की आराधना की। वक्ताओं ने बाइबिल का पठन किया, यीशु मसीह के क्रूस पर कहे गए सात वाणियों का वक्ताओं ने मनन किया। विशेष गीत गाए गए लाल चर्च के युवाओं ने शीतल पेय बांटे आज से ठीक तीसरे दिन ईस्टर पर्व मनाया जाएगा।

## कार्यकर्ता केंद्र व प्रदेश सरकार के कार्यों के साथ जनता के बीच जायेंगे : मद्दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



हम सकारात्मक मतों के लिए जनता के बीच जाएंगे, 2014 से 2024 भारत नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नई आशा और उमंग से आगे बढ़ रहा है। 2014 में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार ने जब सत्ता संभाली उस समय देश भ्रष्टाचारी, लचर व्यवस्था, मंहगाई, बेरोजगारी की परिचायक यूपीए गठबंधन की सरकार से त्रस्त था, भारत की प्रगति थम गई थी। यह विचार बस्तर लोकसभा संयोजक एम श्रीनिवास राव मद्दी ने जारी बयान में व्यक्त किए हैं। उन्होंने कहा कि 10 साल में भारत विश्व की पांच बड़ी अर्थव्यवस्था में शुमार हो चुका है। आज भारत विश्व स्तरीय आधारभूत संरचना के विकास, आधुनिक रेलवे स्टेशन, वंदे भारत ट्रेन, स्टार्टअप, मेक इन इंडिया, सदृढ़ सेना, समृद्ध किसान और नए भारत में युवाओं के साकार होते सपनों का देश बन चुका है। 2004 से 2014 तक हाफिज सईद और मसूद अजहर जैसे दुदांर्त आतंकी आए दिन भारतीय सीमा के पास बैठकें ले रहे थे। इन विषम परिस्थितियों में भी कांग्रेस नीत यूपीए गठबंधन की सरकार ठोस कार्यवाही के बजाय केवल निंदा कर अपने कर्तव्य की इतिश्री कर रही थी जबकि जनता पीड़ति और आक्रोशित थी। इसी तरह छत्तीसगढ़ की जनता ने पिछले पांच वर्ष कांग्रेसी कुशासन के दंश को भोगा था जब प्रदेश में विकास ठप और भ्रष्टाचार का बोलबाला था। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार के विगत 3 माह में विकास की गति तेज हुई है। महतारी वंदन योजना, किसानों को कृषक उन्नति योजना के तहत धान बोनस की राशि लगभग 917 रूपए प्रति क्विंटल खरीदी में एकमुश्त उपलब्ध कराई

## मलांगीर एरिया कमेटी जनताना सरकार सदस्य ने किया आत्मसमर्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



विकास कठेरिया उप महानिरीक्षक परिचालन रेंज दंतेवाड़ा के मार्गदर्शन तथा वाहिनी कमांडेंट सुरेन्द्र सिंह के नेतृत्व में 231वीं वाहिनी के द्वारा अति नक्सल प्रभावित जिला दंतेवाड़ा एवं सुकमा में नक्सल उन्मूलन अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत 231वीं वाहिनी सीआरपीएफ द्वारा नक्सलियों को उनके परिवारजनों व रिश्तेदारों के माध्यम से संपर्क कर नक्सलियों को उनकी आधारहीन विचारधारा, उनके शोषण, भेदभाव एवं छत्तीसगढ़ शासन की पुनर्वास नीति से अवगत कराकर नक्सली विचारधारा को छोड़ कर समाज की मुख्यधारा में शामिल होने के लिए लगातार प्रेरित किया जा रहा है । 231वीं वाहिनी के इन्हीं पुरजोर प्रयासों के फलस्वरूप मलांगीर एरिया कमिटी के अंतर्गत रेवाली पंचायत जनताना सरकार (आर्थिक शाखा) सदस्य भीमा कुहड़ाम उर्फ अविनाश कोर्राम ने 29 मार्च को विकास कठेरिया उप महानिरीक्षक परिचालन रेंज दंतेवाड़ा व सुरेन्द्र सिंह कमाण्डेंट 231 बटालियन, गौरव राय पुलिस अधीक्षक दंतेवाड़ा के समक्ष आत्मसमर्पण किया। इस पर संगठन में बड़े कमांडर के साथ मिलकर नक्सली गांव में आने से प्रत्येक घर से राशन एकत्रित करने, ग्रामीणो का मीटिंग में बुलाने एवं नक्सल मीटिंग के लिए जनता को एकत्रित करने एवं नक्सलियों के लिए धन संग्रह का मामला है।

## नक्सल क्षेत्र में जनसंपर्क में पहुंच रहे कार्यकर्ता...



**जगदलपुर।** अतिसंवेदनशील नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले के ग्राम पंचायत ऐगंपल्ली, मुंजालकाकेर, चिताकोंठा, दुगाईगुड़ा, आवापल्ली, कोडेपाल, रेगांनार में पूर्व सांसद प्रतिनिधि श्रीनिवास रेड्डी के नेतृत्व में अनूसूचित जनजाति मोर्चा जिला महामंत्री, मिलिंद कुरसम, विकास कोड़े, विवेक तोकल व स्थानीय कार्यकर्ताओं से मुलाकात की गई। ग्राम पंचायत इलमिडी के संजय पारा में बैठक में पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने बस्तर लोकसभा भाजपा प्रत्याशी महेश कश्यप के पक्ष में प्रचार-प्रसार कर भारी मतों से विजयी बनाने का संकल्प लिया।

## भविष्य सुरक्षित, देश समृद्ध और खुशहाल हो यह सबका दायित्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

विभिन्न सामाजिक संगठनों को राष्ट्रवादी विचारधारा को आगे बढ़ाने

- बालाजी मंदिर कल्याण मंडपम में जुटे सनातनी



और राष्ट्र सेवा, राष्ट्र के लिए समर्पित व वसुदेव कुटुम्बकम की भावना का आव्हान किया गया। धरमपुरा मार्ग स्थित बालाजी मंदिर कल्याण मंडपम में शुक्रवार को सामाजिक संगठनों की बैठक हुई। मुख्य वक्ता के रूप में रूपनारायण सिन्हा उपस्थित थे। उन्होंने होने वाले आम चुनाव में हर मतदाताओं को खासकर युवा, पुरुषों के साथ-साथ मातृ शक्ति को घर से समय निकाल मतदान में सहभागिता का आव्हान किया। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की तुलना नरेंद्र मोदी से करते कहा देश में उस दौर में जब अकाल पड़ा था तब शास्त्री ने विदेशों से भीख मांगना अनुचित समझते वे अनाज बचत के लिए एक दिन का पूर्ण उपवास किया। जिसका असर सम्पूर्ण देश में हुआ और एक दिन में कई लाख क्विंटल अनाज की कमी दूर हो गई। ठीक इसी सिद्धांत को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगे बढ़ रहे है और उन्हें हर समाज, वर्ग और सम्प्रदाय का समर्थन मिल रहा है। मोदी के प्रयास से सैकड़ो वर्षो से अटके अय्योध्या में रामलला मंदिर का निर्माण व भव्य प्राण प्रतिष्ठा का समूचे देशवासियों को सौभाग्य प्राप्त हुआ। प्राण प्रतिष्ठता के पूर्व प्रधानमंत्री वैदिक रीति और धार्मिक परम्पराओं का पालन करते 11 दिनों तक केवल नारियल पानी का सेवन कर देश के विभिन्न प्रांतों में पहुंच धार्मिक अनुष्ठान के साथ-साथ देश हित कार्य में बिना रुकावट के सम्पन्न कराया। वर्षो बाद देश को ऐसा प्रधानमंत्री मिला जो न केवल देश वरण सम्पूर्ण विश्व के सर्वमान्य नेता के रूप में अपनी पहचान बनाई। इस दौरान रायपुर सोनपैरी आश्रम, कबीर पंथ के संत देवकर महाराज, रुद्र प्रताप कश्यप, पद्मश्री धरमपाल सैनी, बी.जयराम, दशरथ कश्यप, सुबीर नंदी, वीर राजू, आरके दास, राधा माधव दास, सुनील दास, मनोरंजन राय, ललिता सहस्त्र नाम परायण समूह की मातृ शक्तियां समेत विभिन्न समाज के नागरिक उपस्थित थे। संचालन प्रदीप ने किया।

## कांग्रेस ने बस्तर को धमांर्तरण का गढ़ बनाया : कश्यप

**भाजपा प्रत्याशी के समक्ष 40 लोगों ने किया प्रवेश**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भाजपा प्रत्याशी महेश कश्यप ने शुक्रवार को बस्तर विधानसभा क्षेत्र के कुड़कानार, घाटकवाली, मुंडापाल, चोकर, मरलेंगा, करमरी, आड़ावाल, मावलीगुड़ा समेत अनेक गांव में पहुंच लोगों से मिले। कुड़कानार में ग्रामीणों ने आत्मीय स्वागत कर भाजपा की रीति-नीति से प्रभावित होकर 40 लोगों ने भाजपा का दामन थामा।

महेश कश्यप ने कहा पिछले दिनों हुए चुनाव में इस विधानसभा में भाजपा को जीत नहीं मिल पायी है। मैं छोटे से गांव का निवासी हूं, चाय बेचने वाला जब प्रधानमंत्री बन सकता है तो मुझ जैसे छोटा व्यक्ति भी सांसद आप सभी के सहयोग से बन सकता है। डॉ रमन सिंह के समय लोगों को पेट भरने के लिए सस्ता चावल मिलने लगा। आज गांव में जितनी भी डामर सड़क दिखती है वह अटल बिहारी वाजपेयी के समय की है।

उन्होंने कहा स्वच्छ भारत के तहत सभी को शौचालय बनाने की योजना मोदी की देन है, सोने के बर्तन में खाना खाने वाले गांधी परिवार गरीबों का दुखड़ा क्या जानेंगे। ये लोग बस्तर क्षेत्र में मिशनरियों को प्रश्रय देने वाले लोग है, धमांर्तरण को बढ़ावा देने वाले और बस्तर को वामपंथ का गढ़ बनाने वाले लोग है। ऐसे लोगों से इस बार बस्तर को बचाना है।

इस दौरान कमलचंद्र भंजदेव, डॉ सुभाउ कश्यप, मनीराम कश्यप, आनंद मोहन मिश्रा, उद्घोराम नाग, ममता राणा, किरण सेन, किशन सेठिया, दयाराम बघेल, भुवनेश्वर ठाकुर, नारायण सिंह मौर्य, भरत कश्यप सहित अन्य सदस्य मौजूद थे।

# बूथ विजय संकल्प अभियान का आगाज आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- समूचे प्रदेश में बूथ को मजबूत बनाने एक साथ चलेगा अभियान
- प्रमुख नेताओं की उपस्थिति में होगी बूथ समितियों की बैठक

भारतीय जनता पार्टी एक-एक बूथ को मजबूत बनाने 30 मार्च को समूचे प्रदेश में बूथ विजय संकल्प अभियान मनायेगी। जिसके तहत प्रत्येक बूथ में समितियों की बैठक होगी। बैठक में वरिष्ठ नेता उपस्थित रहेंगे। अभियान के अन्तर्गत प्रत्येक बूथ में न्यूनतम 100 झण्डे लगाने का लक्ष्य तय किया गया है। जिसकी शुरुआत कार्यकर्ताओं द्वारा किया जायेगा।

चुनाव में विजय का मार्ग बूथ को जीत कर ही निकलता है, इस मूल वाक्य को मूर्त रुप देने समस्त कार्यकर्ताओं को उनके बूथों में सक्रियता से कार्य कराने की रणनीति पर काम कर रही है। कार्यकर्ता 30 मार्च को अपने अपने बूथों में सक्रिय रहेंगे, बूथ समिति की बैठकें करके सभी सदस्यों को लोकसभा चुनाव के प्रचार प्रसार की गति बढ़ाने ऊर्जा भरेंगे।

बूथ वार सौ-सौ झण्डा लगाने का काम शनिवार से कार्यकर्ता अपने बूथों में आरंभ करेंगे। साथ ही सघन जनसंपर्क करते हुये बूथ में निवासरत लाभार्थियों से भी जीवंत संपर्क बनायेंगे। भाजपा बूथ विजय संकल्प अभियान को बड़ी गंभीरता से ले रही है और सभी कार्यकर्ताओं को इस अभियान के तहत अपने बूथों में सक्रियता से जुटने कहा गया है । साथ ही बूथ क्षेत्र के मतदाताओं को मतदान करने के प्रेरित करते हुये प्रत्येक बूथ में 370 वोट बढ़ाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। जिला अध्यक्ष रुप सिंह मण्डावी ने कहा कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर तैयारियां पूरी की गयी है। बस्तर जिले के सभी 760 बूथों में बूथ विजय संकल्प अभियान एक साथ आरंभ होगा। बस्तर लोकसभा चुनाव में भाजपा की विजय सुनिश्चित करने संगठन का एक एक कार्यकर्ता संकल्पित है और प्राणप्रण से कार्य कर रहा है।

वनमंत्री केदार कश्यप करंदोला बूथ नं. 240 में जायेंगे, चित्रकोट विधायक घाटधनोरा बूथ नं 51 में रहेंगे, भाजपा जिला अध्यक्ष रुप सिंह मण्डावी बेसोली बूथ नं. 213 में मौजूद रहेंगे, श्रीनिवास राव मद्दी जगदलपुर प्रवीर वार्ड बूथ नं. 100, डा. सुभाऊ कश्यप बस्तर नगर पंचायत बूथ नं. 103, बैदूराम कश्यप डिमरापाल बूथ नं. 159, संतोष बाफना जगदलपुर महाराणा प्रताप वार्ड बूथ नं. 171 में उपस्थित रहेंगे। भाजपा के सभी बड़े नेता, पदाधिकारी अपने-अपने बूथ में बूथ विजय संकल्प अभियान में समय देंगे।







